आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 25.11.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- आकाशवाणी पर मन की बात में प्रधानमंत्री ने गैर–राजनीतिक पृष्ठभूमि के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से बुजुर्गों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए आगे आने को कहा।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि एन.सी.सी. में बालिका कैडेटों का नामांकन पच्चीस प्रतिशत से बढ़कर चालीस प्रतिशत हो गया है।
- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में खरीद एवं विप्पणन सहायता योजना पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।
- आयुष्मान भारत– प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गैर–राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कल श्री मोदी ने कहा कि ऐसे एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने निःस्वार्थ भाव से समाज के लिए काम करने वाले युवाओं के बारे में बात की। उन्होंने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के मामले में वृद्धजनों की सहायता करने वाले लखनऊ के वीरेंद्र की प्रशंसा की। श्री मोदी ने कहा कि डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र ने वृद्धजनों के लिए बड़ी सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र पाने वालों की संख्या अस्सी लाख से अधिक हो गई है। श्री मोदी ने बताया कि अहमदाबाद के राजीव, लोगों को डिजिटल अरेस्ट के खतरे के बारे में आगाह कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि सरकार में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है।

कल राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस पर श्री मोदी ने कैडेट के रूप में अपने दिनों का स्मरण किया। श्री मोदी ने कहा कि एन.सी.सी. युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एन.सी.सी. से जुड़ने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान ने केवल पांच महीनों में सौ करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर ली है। श्री मोदी ने पूरे देश के लोगों के इस अभियान में भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन श्री विजयपुरम की ओर से कल मुख्य सचिव केशव चन्द्र के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने अपने अनुभव साझा करते हुए द्वीपवासियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने भगवत गीता और उपनिषेद का हवाला देते हुए कहा कि आध्यात्मिकता हमें सभी प्रकार की परिस्थितियों का सामना करने और निःस्वार्थ भाव से काम करने की आंतरिक शक्ति देती है। कार्यक्रम में चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रलाहदका और अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

प्रशासन के मुख्य सचिव केशव चंद्र ने स्कूली बच्चों के लिए नेताजी स्टेडियम के नव–विकसित वॉलीबॉल कोर्ट में वॉलीबॉल कोचिंग कक्षाओं का उद्घाटन किया। उन्होंनें उद्घाटन मैच भी खेला। खेल और युवा मामले विभाग के निदेशक विक्रम सिंह ने उपस्थिति का स्वागत किया। इस अवसर पर उपायुक्त अर्जुन शर्मा और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल पैंतीस स्कूली छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में कल खरीद एवं विप्पणन सहायता योजना पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला भारत सरकार की सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यम मत्रालय के तहत श्री विजयपुरम के एम. एस एम. ई विकास एवं सुविधा कार्यालय की ओर से आयोजित की जाएगी। ई–कॉमर्स प्लेटफार्म, बार–कोर्ड पंजीकरण आयात–निर्यात नीति तथा प्रक्रिया, जैम पोर्टल अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय व्यापार में नवीनतम विकास और एम. एस एम. ई के लिए बाज़ार पहुंच विकास के लिए सरकारी सहायता तथा योजनाओं पर जानकारी दी जाएगी। इस कार्यशाला में उद्यम पंजीकरण रखने वाले उद्यमी भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत– प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है। इस योजना को अब देश भर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इसमें शामिल करने के लिए विस्तारित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य सभी सत्तर वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये का निःशुल्क उपचार प्रदान करना है। योजना के तहत नामांकित बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की वेबसाइट पर जाकर लाभार्थी अपना नामांकन कर सकते हैं। पंजीकरण के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सहायता के लिए नजदीकी स्वास्थ्य संस्थानों से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

बाराटांग के ओरलकच्छा फॉरेस्ट मैदान मे ज़िला परिषद कप फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। कल खेले गए मैच में खट्टाखाड़ी ने नयाडेरा को पांच–शून्य से पराजित किया। दूसरे मैच में एक्स वाई जेड़ की टीम ने जारवा क्रीक को टाईब्रेकर में तीन–एक से हराया। पहला सेमीफाइनल मैच सत्ताईस नवम्बर को खट्टाखाड़ी और राफ्टरक्रीक के बीच दोपहर दो बजे खेला जाएगा और दूसरा मैच एक्स वाई जेड और ओरलकच्छा बॉयज ए. के बीच शाम तीन बजे के बाद खेला जाएगा।

<><><><><><><>

अण्डमान तथा निकोबार राज्य आयुष सोसाइटी की आयुष शाखा द्वारा हाल ही में आयुष अस्पताल के सम्मेलन कक्ष में सातवें प्राकृतिक चिकित्सा दिवस का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस वर्ष का विषय था–''स्वस्थ आयु और दीर्घायु के लिए प्राकृतिक चिकित्सा'' जो जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने और आयु वृद्धि की पूरी प्रक्रिया में स्थाई स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में प्राकृतिक उपचारों की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। इस अवसर पर स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्रिंन्सिपल और नोडल अधिकारी शाइनी वर्गिस मुख्य अतिथि थी। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉ नंन्दिनी द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सभी कॉलेजों के विद्यार्थियो के लिए बिना आग के खाना बनाना'' विषय पर व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में डीब्रेट के निमाई मण्डल और आकाश मण्डल की टीम को पहला पुरस्कार, अण्डमान लॉ कॉलेज की प्रियंका साहा और सत्यजीत हलदर की टीम को दूसरा और स्कूल ऑफ नर्सिंग की नेहा लता दास और सुमित राम की टीम ने तीसरे स्थान पर रहें। प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय में विभिन्न पदों पर चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच का कार्य किया जाएगा। उम्मीदवारों से आज स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में उपस्थित रहने को कहा गया है। पदों के हिसाब से जांच की समय सारणी प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><><>